There is a Development Council for the sugar industry as there is a Development Council for all the industries. But I regret to say that the entire functioning of this Development Council has been reduced to a farce. They go into the entire aspect of the industry in which the DGTD and your Ministry are associated. There is a clear indication that additional capacity that is required for the fourth Five Year Plan, according to the Development Council's decision should be handed over to the existing units so that those of the units which are either sick or uneconomical or are marginal units can come back to normal operation and then only the Government could think of creating an additional capacity, but the Government will not do anything about the sick sector. I am to saying that the Government should squander public money out of the exchequer and take over the sick mills. I know that, as it happened in the case of the textile industry, they would not be able to run it, but conditions will have to be created by either allowing the sick mills to be shifted to another place which was the thinking once upon a time or we will have to do something by which our industrial units can manage an overall productive policy and pattern in the interests of the consumer and in the interests of the overall development of the industry. I hope such decisions would be taken which will not hamper the growth of this industry at all.

श्रीमती सावित्री श्याम (आंवला) : सभापति महोदय, श्री काशीनाथ पाण्डेय जब चीनी उद्योग के सम्बन्ध में बोल रहे थे तो मैंने उनका भाषण बड़े ध्यान से सुना लेकिन उनका भाषण सुनकर मुझे बड़ा अफसोस हुआ। मुझे अफसोस हुआ उनकी प्रगतिशीलता के ऊपर, उन के समाजवाद के ऊपर और एक लेबर लीडर होने के नाते उनके नेतृत्व के ऊपर जिसके कारण वे आज देश के लेबर लीडर कहलाते हैं। मैं इस देश के मजदूरों और आई० एन० टी० यू० सी० के वर्कर्स को आवाहन करना चाहती हूं कि वे आंख खोल कर देखें कि कहीं उनके नेतृत्व के कारण उन लोगों के हितों को नुकसान न पहुंचे।

चीनी उद्योग भारतवर्ष का एक बहुत बड़ा उद्योग है। इस देश में उसकी दूसरी पोजीशन है। जहां तक उत्तर प्रदेश और बिहार का सम्बन्ध है, इन दोनों प्रदेशों में यह उद्योग एक की इन्डस्ट्री है। वहां की अर्थ-व्यवस्था इस चीनी उद्योग पर ही अवलंबित है। उत्तर प्रदेश के 85 हजार वर्कर्स, इंजीनियर से लेकर सीजनल वर्कर तक, इस उद्योग के अन्दर लगे हुए हैं।

इस उद्योग को 1930 में प्रोत्साहन दिया गया, आज नहीं जबकि ब्रिटिश राज्य था। सन् 1930 में जब बाहर चीनी भेजनी थी तब यह प्रोत्साहन दिया गया और इसलिए भी दिया गया कि गन्ने के उत्पादन को और मजदूरों को प्रोत्साहन मिले, उनके हितों की रक्षा हो। लेकिन

[श्रीमती सावित्री श्याम]

ज्यों-ज्यों समय बीतता गया त्यों-त्यों गन्ने के उत्पादन और मजदूरों के हितों की रक्षा का ध्यान कम किया जाने लगा, उनके हितों को रक्षा नहीं हो सकी ।

मैं आपको यह भी बतलाना चाहती हूं कि अब यू० पी० में 1937-38 में इंटेरिम गवर्नमेंट बनी दो साल के लिए तब उसने एक शूगर फैक्ट्री एक्ट बनाया और उसमें यह कहा गया कि हम शूगर मिलों को अपने हिसाब से रेग्युलेट करेंगे, गन्ने की कीमतें हम निर्धारित करेंगे, मजदूरों के हितों की रक्षा हम करेंगे, उनकी मजदूरी हम निर्धारित करेंगे, चीनी मिलें कितना गन्ना लें और कितना गन्ना गुड़ और शुगर के वास्ते दिया जाए, यह सब हम निर्धारित करेंगे ।

लेकिन सन् 1951 का जब सेंटर का एक्ट बना जिस को इंडस्ट्रीज कंट्रोल रेग्युलेशन एक्ट कहा जाता है तब उत्तर प्रदेश से इस अधिकार को ले लिया गया और यहां से गन्ने की कीमतें निर्धारित होने लगीं और लाइसेंस मिलने लगे ।

आप, आज जो स्थिति है, उसको देखें । 1936 में जो फैक्ट्री उत्तर प्रदेश और बिहार में लगी थी आज उसकी हालत को आप देखें । जो इंडस्ट्री दस लाख में लगी थी आज उसकी कीमत जीरो हो गई है, उनकी कोई क्रशिंग पावर ही नहीं है । उनकी मशीनरी को मार्डनाइज नहीं किया गया है, पिछले वर्ष जब बजट प्रस्ताव यहां उपस्थित हुए थे तो उन में मार्डनाइजेशन रिबेट की बात कही गई थी, डिवेलेपमेंट रिबेट की बात कही गई थी, उन को लोन देने की बात कही गई थी, शूगर सैस में उनको छूट दी गई थी तथा दो परसेंट छोटी-मोटी चीजों को ठीक-ठाक करने के लिए रिबेट भी उनको दिया गया था लेकिन इस सब का नतीजा क्या हुआ ? मशीनें ठीक करने के बजाय मिल मालिकों ने एक्सटेंशन किया । अगर किसी मिल की क्रशिंग कैपेसिटी पचास हजार टन की थी तो उसको उन्होंने एक लाख कर दिया । बजाय इसके कि मशीनों को ठीक किया जाता, उनका डिवेलेपमेंट किया जाता, शूगर पैदा करने की कैपेसिटी को बढ़ा लिया गया । इससे न मजदूरों को, न केन ग्रोअर्ज को और न चीनी खाने वालों को लाभ हुआ । उपभोक्ताओं को चीनी ठीक कीमत पर नहीं मिल सकी ।

आज उत्तर प्रदेश में एक एजीटेशन है कि सरकार चीनी मिलों का राष्ट्रीयकरण करे । 120 एम एल एज ने जोकि दोनों ग्रुप्स के हैं, उन्होंने इसकी मांग की है । जब हम में कोई लड़ाई नहीं थी तब इस प्रकार का वहां एक रेजोल्यूशन पास किया गया था कि उत्तर प्रदेश में चीनी मिलों को सरकार अपने हाथ में ले ले । 5 अक्तूबर, 1969 को इस के बारे में कैबिनेट का फैसला हुआ था कि चीनी मिलों का राष्ट्रीयकरण हो जाए । प्रदेश कांग्रेस की एग्जैक्टिव ने भी यह तय किया था कि इनको ले लिया जाए । लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई है । आजकल उत्तर प्रदेश और केन्द्र के बीच में इसको ले कर लड़ाई हो रही है । उत्तर प्रदेश की ला मिनिस्ट्री यह सलाह देती है गुप्त जी को कि उत्तर प्रदेश गवर्नमेंट अगर सारे देश में चीनी मिलों का राष्ट्रीयकरण होता है तब ही कर सकती है जबकि यहां की ला मिनिस्ट्री यह राय देती है कि उत्तर प्रदेश को पूरा अधिकार है राष्ट्रीयकरण करने का । मैं नहीं समझती हूं कि इन दोनों की लड़ाई में गन्ने के उत्पादकों, कन्ज्यूमर्स और मजदूरों को क्यों नुकसान पहुंचे । मैं बाबू जगजीवन राम जी से प्रार्थना करती हूं कि जो आपका रैग्युलेशन एक्ट 1951 का है, उस में आप संशोधन करें और जहां आपने यह कहा कि गन्ने की कीमत आप निर्धारित करेंगे, उसको खत्म करके आप यह कहें कि प्रदेश सरकारें करेंगी । आप शूगर इंडस्ट्री के लिए एक आटोनोमस

कारपोरेशन बनायें और शूगर इंडस्ट्री को उसके अन्तर्गत लायें । तभी किसानों का, मजदूरों का और उपभोक्ताओं का भला हो सकता है ।

मैं उस क्षेत्र से आती हूं जहां गन्ने का उत्पादन बहुत ज्यादा होता है । मैं उनके दुख दर्द को समझती हूं । प्रधान मंत्री मेरे निर्वाचित क्षेत्र में गई थीं । तब रुहेलखण्ड का एक डैलीगेशन उन से मिला था और उसने मांग की थी कि मिलों को सरकार अपने हाथ में ले ले । मैं मांग करती हूं कि शूगर इंडस्ट्री का नेशनलाइजेशन हो । अगर ऐसा नहीं होता है तो हम एजीटेशन करेंगे हम इसके लिए सत्याग्रह करेंगे । चाहे जो भी सरकार हो, उसको इसका सामना करना पड़ेगा । राष्ट्रीयकरण समय की मांग है । 1951 का जो एक्ट है उसको आप रिपील करें । तब जो रोड़े उत्तर प्रदेश की सरकार के रास्ते में हैं वे दूर हो सकेंगे । आप अपनी जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश की सरकार पर डालें और वह आप पर डाले, इससे काम नहीं चल सकेगा । केन ग्रोअर, मजदूर, खाने वाले सब के हितों को आपने चोट पहुंचा रखी है । यह बात बहुत दिनों तक चलने वाली नहीं है ।

श्री शारदा नन्द (सीतापुर) : मैं आपका बड़ा आभारी हूं कि आपने मुझे समय दिया है । जिस विषय पर आज चर्चा हो रही है, इस विषय को यहां बहुत पहले आना चाहिये था । लेकिन इसको टाला जाता रहा है और आज जा कर इस पर बहस की जा रही है । शूगर की एक बहुत ही विषम समस्या है । सारे देश के सामने यह समस्या है कि शूगर इंडस्ट्री का क्या किया जाए । शूगर इंडस्ट्री एक बीमार बच्चे की तरह से है । अब सवाल पैदा होता है कि इस बीमार बच्चे को किस की गोद में दिया जाए ? या तो इसका राष्ट्रीयकरण किया जाए या सहकारी आधार पर इसको चलाया जाए या कोई और रास्ता निकाला जाए । जब राष्ट्रीयकरण की बात सामने आती है तो एक सवाल यह भी पैदा होता है कि ऐसा अगर किया जाता है तो पैसा कहां से आएगा । साथ ही यह बात भी सामने आती है कि इससे सरकार को घाटा होगा । जो पैसा सरकार लगायेगी वह किस प्रकार से और कहां से लाएगी । ये सब समस्यायें हैं जिन पर विचार होना अनिवार्य है ।

जिस प्रदेश से मैं आता हूं वह प्रदेश चीनी का सब से बड़ा उत्पादक प्रदेश है । आज वहां 71 के करीब मिले चल रहीं हैं । अधिकांश मिलें प्राइवेट लोगों के द्वारा चलाई जा रही हैं । कुछ कोआपरेटिवज़ के द्वारा भी चलाई जा रही हैं । आज उनकी हालत क्या है ? अधिकांश मिलें लड़खड़ा रही हैं । किसी की आर्थिक दशा खराब है, किसी की मशीनरी खराब है, किसी का कुछ और खराब है जो राष्ट्रीयकरण की मांग करते हैं, उनको मैं बतलाना चाहता हूं कि बिहार के अन्दर गरोल शूगर फैक्ट्री को सरकार ने करीब एक साल पहले अपने हाथ में लिया था ; लेकिन आज तक वह चली नहीं है । वहां पर किसानों का और मजदूरों का पैसा बकाया है । सरकार ने किसानों और मजदूरों का बकाया पैसा आज तक भी अदा नहीं किया है । आगे क्या होगा, पता नहीं । किस प्रकार से इसको चलायेंगे, इसका कुछ पता नहीं है ।

सबसे बड़ी समस्या किसानों में व्याप्त अनिश्चितता की है । यह अनिश्चितता इसलिये पैदा हो रही है कि उनको प्रोत्साहक मूल्य नहीं मिलता है । जब गन्ने की पैदावार कम होती है तो चीनी मिलें चिल्लाती हैं कि उनको गन्ना चाहिये । तब सरकार बैठ कर सोचती है कि क्या किया जाए और सोचने के बाद गन्ने की कीमतें बढ़ाती हैं । लेकिन किसान को पहले से उचित कीमत और प्रोत्साहक मूल्य नहीं देती और न ही इसके बारे में कोई निर्णय लेती है ।

[श्री शारदा नन्द]

मैं आपको कुछ आंकड़े देना चाहता हूं । सरकार द्वारा जो फार्म चलाये जा रहे हैं उनमें खर्चे के हिसाब को आप देखें । उनमें खर्चा 3826.35 रुपये पर हैक्टर आता है और यह तब आता है जबकि उनके लिए सिंचाई की दर साठ रुपए दर हैक्टर निर्धारित है । इस पर पर आम किसान को पानी मुहैया नहीं होता है । अधिक दर पर उसको पानी मिलता है । अगर गन्ने की कीमत इसी प्रकार से किसान को मिलती रही तो किसान मारा जाएगा । किसान का गला, आप न घोंटें ।

बहुत सी मिलों के ऊपर किसान का पैसा बकाया है । सालों हो गए हैं । किसानों को वह पैसा नहीं मिला है । कितना पैसा बकाया है इसका जवाब सरकार ने दिया था । उसने बताया था कि 2995.82 लाख रुपया किसानों का बाकी है । अभी तक किसान सोच रहा था कि उसका पैसा उसको क्यों नहीं मिल रहा है ।**

मैं साफ कहना चाहता हूं कि किसान की समझ में अब आया है कि उसका बकाया पैसा उसको क्यों नहीं मिल रहा है । क्यों मिल मालिक उसको उसका बकाया पैसा अदा नहीं कर रहे हैं.....

सभापति महोदय : माननीय सदस्य जरा बैठ जायें । यह बात इस हाउस की डिगनिटी के खिलाफ है ।

कुछ माननीय सदस्य : नहीं ।

श्री शारदा नन्द : यह सर्वविदित बात है ।

SHRI RANJEET SINGH : He has made a statement of fact.

सभापति महोदय : यह रिकार्ड पर नहीं जायेगा ।

श्री शारदा नन्द : आज किसान को समझ में आया है कि मिल मालिक क्यों उस का पैसा दाब कर बैठा है और सरकार उसको क्यों नहीं दिलाती है ।

सभापति महोदय : माननीय सदस्य ने जिस भाषा का जिस तरह से इस्तेमाल किया है, वह बहुत आपत्तिजनक है और वह रिकार्ड पर जाने लायक नहीं है ।

श्री शारदा नन्द : आज किसान की हालत को देखने वाला कोई नहीं है । वह परेशान है और कोई उसकी परेशानी को दूर करने वाला नहीं है । किसानों का जो पैसा मिल-मालिकों पर बकाया है, सरकार उसको नहीं दिलाती है ।

इस समस्या को हल करने के बारे में बहुत बड़ी-बड़ी बातें कही जा रही हैं । हमारे खाद्य मंत्री महोदय कभी कभी कहते हैं कि मद्रास और मैसूर में शूगर मिलें अच्छी तरह चल रही हैं । यह अच्छी बात है, लेकिन उत्तर प्रदेश में क्या हो रहा है ? वहां को-आपरेटिव्ज द्वारा चलाई जा रही मिलों को घाटा हो रहा है, जब कि कुछ मिलें ठीक तरह से चल रही हैं । मैं आप के माध्यम से यह सुझाव देना चाहता हूं कि किसानों को चीनी मिलों का मालिक बनाया जाये । इसके लिए स्वायत्त निगम बनाया जाये, जिसमें किसानों, मजदूरों और कनज्यूमर्स का प्रतिनिधित्व, हो, जिस में विधान सभाओं में किसानों के नुमायंदे हों । अगर एक स्वायत्त निगम की स्थापना कर के इस उद्योग को चलाया जाये, तो ज्यादा अच्छा होगा ।

अन्त में मैं यह कहना चाहता हूं कि अधिकांश मिलों की आर्थिक दशा बहुत खराब है । मैं निवेदन करना चाहता हूं कि हम सब मिल कर सोचें कि इस समस्या को कैसे हल किया जा सकता है । इस बारे में जल्दबाजी में कोई कदम नहीं उठाया जाना चाहिए । बहुत सी मिलें

**Expunged as ordered by the Chair.

ऐसी हैं जो सही हालत में चल रही हैं। ऐसा कोई कदम नहीं उठाना चाहिए कि उन को डिसटर्ब किया जाये। जो बहुत सी मिलें खराब हालत में हैं, उन के लिए कोई उपाय सोचना चाहिए।

SHRI S. KANDAPPAN (Mettur) : Mr. Chairman, Sir I am glad that we have got an opportunity to discuss this issue. The sugar industry has been suffering due to so many ills for the past few years. Unfortunately, as hon. Members before me have pointed out, the Government did not have a long-term clear policy in regard to sugar. The first bungling, I should say, started when the Government of India, during the time Shri Jain was the Food Minister at the Centre, declared UP and Bihar as the sugarcane belt of this country and started issuing a lot of licences. I hope I will not be mistaken when I say that unfortunately people failed to appreciate at that point of time that sugarcane is a tropical crop and the climatic conditions south of the Vindhyas are more conducive for a better output of sugarcane than the biting cold that is prevalent for about three months in the northern belt due to which the yield per acre in the Gangetic Plain is still suffering in spite of the Kanpur institute which is doing its best. With the best efforts of the Kanpur institute the per acre yield in the Gangetic Plain, Punjab and some other places in the north could not reach more than 30 to 35 tonnes per acre whereas in the South, in my State, the per acre yield is up to 60 to 70 tonnes in some areas and the average is 45 to 50 tonnes with the difference that the sucrose content did not rise so much as it has risen in this belt.

Here I would like to appeal to the Minister that it is high time that we should have an institute of the type existing in Kanpur to cater to the needs of farmers in the south. I think, Government should consider this because that will raise the output of sugar tremendously in the southern belt of our country.

Now that the factories have come into being in the northern belt, I would like to plead with the Government that at least in future, there should be a crop pattern in the country. For example, in Tamil Nadu, we do not have enough pulses. We do not have wheat. Now that we have taken to wheat and we have learnt to take enough wheat, if the Government at some future date were to tell us that they will not be having enough wheat to spare to us, probably, we will be hard put. Then, we will have to divert some of our precious land which is more suited for other crops to wheat. Such kind of things are not desirable.

Now, for instance, in regard to pulses, the Tamil Nadu Government has got a plan to increase the acreage under pulses. I think, if you look at it scientifically, it is not proper for us to do that because pulses will not grow so good as they are grown in Madhya Pradesh or in Punjab. But since we are in need of pulses and, in case we do not get them from Madhya Pradesh and Punjab, we have to go in for that.

Here, my point is that it is the responsibility of the Central Government to plan that. Our country is of a continental type. There are certain areas which are best suited for certain crops. You should bear that in mind. When you allocate areas for cotton, when you allocate areas for sugarcane, for wheat and other crops, there will not be any national waste which is going on in various crops in various States. Now, every State seems to think that they have to meet their entire demands for pulses, for sugar, for paddy, for everything. This is a very dangerous trend. It is impossible also to do that. It is not good and conducive to the betterment of the economy of the country. The Central Government should bear that in mind.

With regard to sugarcane price, there lies the difference. Of course, it is true, in my part of the country, the farmers raise a hue and cry that the minimum price that is given to their brothers in the north is much better than the price that is given to them in the south. But if you take the overall position, our position is not so bad. Though we get about Rs. 70 or Rs. 73 per tonne, that is the minimum fixed by the Central Government, as against Rs. 100 in other places where the tonnage is much less. Then, naturally, the per-acre income that we get

[Shri S. Kandappan]

is in no way less than the per-acre income that our brothers in the north get.

The point that I want to make here is as to what you are going to do to regulate the cost price of sugar and also to see that the consumers do not suffer and in case, as we can very well envisage in the near future, there is going to be a glut in the market, what is going to be the adverse effect which is likely to be there on the factories as well as on the sugarcane growers. The Government do not have any clear-cut policy with regard to this. With regard to the Fourth Plan target, I do not know whether they are going to create any additional capacity or they are going to give permission to the already existing mills to increase the capacity.

I would like to put the case of my State to the hon. Minister on this occasion. For the past two years, the Tamil Nadu Government has been suffering and the mills the factories, that are there either in the private or in the cooperative sector, are not able to cope up with the demand of the farmers. The sugarcane area is so much increased that our crops are standing in the field for 13 to 15 months. As per the climatic conditions there, the average period is 10 to 11 months. The eleventh month is considered to be the best month for cutting the crop. I have got about 4 to 5 acres of land under sugarcane and my crop has been standing in the field for 13 months or so and I am told that the sucrose content will be much less and the factories will suffer and the farmers will also suffer. So, the factories are not able to cope up with the area that is already sown under sugarcane. There is a genuine case. At least about the co-operative sector, about which so many proposals have been forwarded to the Central Government from our State Government, the Central Government should consider the case sympathetically and, we desperately need at least a few more factories in the cooperative sector. In this connection, I would also like to point out that the Centre's attitude is not so good. In Salem district, there is one cooperative factory in which all the farmers are members and I am glad to announce here that the entire capital outlay of that factory has been paid back by the income they were able to derive from that factory alone. This year, they have earned a net profit of Rs. 30 lakhs or so in that factory. It is running at a good profit. Now, the area has increased. We wanted to increase the crushing capacity for which we applied for an import licence to import the machinery to erect additional capacity in the factory. It is about more than a year. We have been only waiting for the licence.

MR. CHAIRMAN : Why do you want to import ?

It can be manufactured in the country.

SHRI S. KANDAPPAN : I am giving the case. I know it can be manufactured in the country. We invited quotations from various manufacturing sources in this country. They said that it would take 2 years. But we wanted to do the crushing right now. Crops are standing in the field. After all what is the foreign exchange involved ? A few lakhs only. You are spending lakhs and lakhs of rupees for the import of lipstick and other luxury articles. Can't you give in the interests of the farmer a few lakhs and that also, not for a private factory, but for a co-operative factory ? It is for the Government to see that the farmers' interests are protected. If the Government is confident that they can protect the interests of the farmers by nationalisation in Uttar Pradesh and other areas, well they can go ahead. But, as far as my State is concerned, in the co-operative field we have channelised the entire credit facility to the farmer and the entire investment to the farmer through the co-operatives. There is being created a nucleus around every factory which is conducive to the functioning of the factory. Some such kind of procedure should be followed in other States also and I would plead with the Minister that in future fresh licensing should be only in those areas where it is more conducive for the growth of sugar cane and not in other areas which are more conducive to grow wheat.

श्री रणधीर सिंह (रोहतक) : सभापति महोदय, मैं नायडू साहब और रेड्डी साहब का शुक्रिया अदा करता हूं जिन की तरफ से यह रिजोल्यूशन आए हैं और मंत्री महोदय का भी शुक्रिया अदा करता हूं कि

उन्होंने इस के लिए गवर्नमेंट का टाइम निकाला है । असल में शुगर की प्राइस से मुझे ज्यादा दिलचस्पी नहीं है । मैं तो ज्यादा दिलचस्पी रखता हूं शुगर केन की प्राइस से । साफ बात है कि मुझे शुगर से क्या दिलचस्पी हो सकती है जब कि किसानों को शुगर मिलती नहीं है, शुगर को जो पैदा करने वाले हैं, जिन के खेत में शुगर केन पैदा होती है, उन को जब शुगर मिलती ही नहीं है तो मुझे उस से कोई हमदर्दी नहीं है । तो चूंकि अगले आधे घंटे में हम उस के लिए क्या कह सकेंगे इसलिए मैं माफी चाहूंगा कि इसको और उस को दोनों को शामिल कर के उस पर मैं बोल लूं ।

मैं मोटी मोटी बात कहूंगा कि वक्त बदल गया है । आज पता नहीं हर आदमी क्या समझता है कि पता नहीं किसान क्या खा रहा है, किसान कितना कमा रहा है । सभापति महोदय, आप खुद किसान हैं, आप जानते हैं ।

कुछ भाइयों की तरफ से कुछ ऊटपटांग बातें कही गईं, मुझे बड़ा अफसोस होता है कि बाबू जगजीवन राम जी के सिलसिले में वह अपने को ज्यादा किसान समझते हैं । लेकिन खैर, मैं वह बात छोड़ता हूं । सब से पहली बात जो हमें महसूस करनी है वह यह है कि गन्ना किसान का खून खा लेता है ।

अब्बल तो कास्ट आफ प्रोडक्शन हर एक जिन्स पर ज्यादा होती है लेकिन खास कर के गन्ना पैदा करने के लिए जितनी कास्ट आती है, सीड है, वाटरिंग रेट है, बिजली का है, निराई है, बंधाई है, कटाई है, कोल्हू का देख लीजिए और फिर मंडी तक पहुंचते पहुंचते जितना लेबर उस में आता है और जितनी इन्वेस्टमेंट उस में आती है, उतनी और किसी चीज में नहीं आती । उस का इन्वेस्टमेंट सीड पर या पानी के दाम जो बढ़ गए हैं उन पर इन सब को मिला कर शुगर केन पैदा करने में इतना ज्यादा हो जाता है कि जो और किसी क्राप पर नहीं होता है । तो मैं जो एक यह कहना चाहता हूं कि यह जो कीमत आप मुकर्रर करते हैं, बड़ी मेहरबानी कर के आप दस रुपया क्विंटल मुकर्रर करते हैं, मैं कहता हूं कि वह दस रुपया भी कम है लेकिन वह उसको भी नहीं मानते हैं । दस रुपया क्विंटल भी माना नहीं जाता । अब्बल तो दस रुपया बहुत कम है । लकड़ी बीस रुपये क्विंटल और वह भी एक बेकार सी लकड़ी और गन्ना जो एक साल की मेहनत के बाद पैदा होता है, बेहतरीन जमीन में, सारा कुनबा मिल कर लगता है, सब से ज्यादा मेहनत जिसमें करनी पड़ती है, सब से ज्यादा पैसा जिस के प्रोडक्शन पर खर्च होता है, एक साल में एक फसल जाकर होती है । वह दस रुपये क्विंटल । लकड़ी बीस रुपये क्विंटल, सूखी लकड़ी और गन्ना दस रुपये क्विंटल . . . . (व्यवधान) . . . सभापति महोदय, मुझे कह लेने दीजिये । मुझे ज्यादा नहीं कहना है । एक बात तो मैं यह कहना चाहूंगा कि यह कम-से-कम दस रुपए क्विंटल जो आपने किया है उसे मेहरबानी करके साढ़े बारह या पन्द्रह रुपये तक करें ।

सभापति महोदय : दस नहीं है, सात है ।

श्री रणधीर सिंह : मैं कहता हूं कि पिछले साल दस किया था । आप भी थे उस कमेटी में, मैं भी था, बाबू जी चेयरमैन थे । दस रुपये क्विंटल की कीमत मुकर्रर हुई थी ।

सभापति महोदय : लेकिन किसी ने वह कीमत नहीं मानी ।

श्री रणधीर सिंह : वही मैं कहता हूं कि साढ़े सात में लिया या और उस से कम में लिया । आप की बात कोई नहीं मानता ।

[श्री रणधीर सिंह]

बाबू जी की बात एक मुझे ठीक लगती है कि यह स्टेट का मामला है। मैं तो कहूंगा कि ऐसे जहां मामले हों, वहां बाबू जी को पूरा अख्तियार दिया जाय। अब्बल तो मैं उन आदमियों में से हूं जो ज्यादा अरसे तक इस बात को बर्दाश्त नहीं करेंगे कि हमें ठीक कीमत नहीं मिलती और आए साल किसान को एजीटेशन चलाना पड़ता है चाहे वह आन्ध्र प्रदेश हो, चाहे उत्तर प्रदेश हो चाहे दूसरा कोई प्रदेश हो, आए साल जो आदमी जमीन को काश्त करे, अपना खून पसीना उस में लगाए, गन्ना तैयार करे वह इस के लिए एजीटेशन करे और फिर जेल में जाय। यह हम नहीं चाहते कि आए साल यह आन्दोलन चले और इस का एक बार फैसला किया जाय कि किसान को क्या दाम मिलना है और जो आप मुकर्रर करें वह लागू कर दीजिए। साल दो साल के लिए या आगे तक के लिए उसे लागू कर दीजिए। अगर कोई उसे फालो नहीं करता है चाहे वह मिल मालिक हो या कोआपरेटिव वाले हों जो भी इस को फालो न करें उन को आप ब्लैक लिस्ट करें, उन का लाइसेंस कैंसिल करें।

दूसरी बात—यह जो कमीशन मुकर्रर किया जाता है प्राइसेज का इस में सारे ही गैर-किसान भर दिए जाते हैं। तो मैं कहना चाहूंगा कि कई एम० पी० भी हैं एक से एक अच्छे किसान उन में बैठे हैं, दूसरे लोग भी हैं किसान-वायस के, तो जहां किसान के खेती का सवाल है चाहे गन्ने का हो या कोई हो, उस में उन को रखें। यह जो एक्सपर्टस हैं, बुक-वर्म्स हैं, इन को कुछ पता नहीं होता है। वह कार्ल मार्क्स और ऐंजिल्स की बात तो रट लेते हैं लेकिन उन्हें पता नहीं कि किसान की खेती में जो पैदा होता है, किस फसल का या किस पेड़ का नाम क्या है और कौन सा अनाज कहां और कैसे पैदा होता है, यह भी उन्हें पता नहीं होता है। तो उस में ऐसे लोग लिए जाएं जो किसान के प्रतिनिधि हों।

तीसरी बात मैं यह कहना चाहूंगा, हमारी तो हर एक चीज पर सीलिंग हो गई, जमीन पर भी सीलिंग लगा दी, कीमत पर भी सीलिंग लगा दी और एक जगह से दूसरी जगह ले जाने पर भी सीलिंग है, हम अपना गुड़ हरयाने से दिल्ली नहीं ला सकते, दिल्ली से यू० पी० नहीं ले जा सकते। हर-एक जगह सीलिंग और घेराव हमारे लिए है। लेकिन मैं चाहता हूं कि बिरला, टाटा और शहर में रहने वाले जो हैं उन पर भी सीलिंग लगे। देहात में तो आप ने सीलिंग लगा दी गरीब किसानों पर लेकिन इनके ऊपर कोई सीलिंग नहीं है। खैर, वह तो दूसरी बात है। वह तो पता नहीं कब आप लगाएं लेकिन मैं जो कहना चाहता हूं वह यह कि जहां ईख की कीमत है, या शुगर की है या और दूसरे ग्रेन्स की कीमत है वहां तो आप ने प्राइस मुकर्रर कर दी लेकिन किसान जो चीज खरीदता है उस को लोहे की जरूरत पड़ती है, कपड़े की जरूरत पड़ती है, सीमेंट की जरूरत पड़ती है, ऐसी चीजें हैं जिन की उस को अपने ऐग्रीकल्चर में इस्तेमाल के लिए जरूरत पड़ती है, वह उसको बड़ी महंगी मिलती हैं। एक आदमी इतनी मेहनत से जो चीज कमाए उस की कीमत तो उसे थोड़ी मिले और दूसरी जो चीज वह लेने जाय, उस को वह महंगी मिले, तो पैरिटी आफ प्राइसेज होना चाहिए।

दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि चीनी का भाव तो जो होता है वह होता ही है, गन्ना जो कारखाने में ले जाते हैं उस से मोलेसेज निकलता है। वह गवर्नमेंट दे देती है बड़े बड़े ठेकेदारों को। उस को की मार्केट में बेच दें और वही किसान को कीमत देने में सप्लीमेंट कर दें तो इसी से उस के भाव बढ़ सकते हैं। इस तरफ आपका ध्यान जाना चाहिए।

16 44 hrs.

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*]

तीसरी चीज, यू० पी० में, हरयाने में, पंजाब में सारी जगह ही यह बेचारे किसान जाकर थोड़े दामों में अपना गन्ना बेचते हैं और बेचने के बाद तीन-तीन, चार-चार, पांच-पांच और छः-छः महीने तक उस को पैसे ही नहीं मिलते । बड़ी मुश्किल से कर्ज ले कर वह इस में लगाता है, इधर उस का सूद चढ़ता जाता है और उधर उस को वहां से पैसे नहीं मिलते, मिल मालिक उस पैसे को सट्टे में और दुनिया भर की चीजों में लगा कर उस से और पैसे बनाते हैं । इन सरमायेदारों के ऊपर करोड़ों रुपये एरियर बाकी पड़ा है । तो मैं कहना चाहूंगा कि जो पैमेंट नहीं करते ऐसे लोगों पर कम्पाउंड इन्टेरेस्ट लगाकर वह पैसा उनको वापस दिलाया जाय। आखिर वह भी तो कर्ज का पैसा लगाते हैं, इधर वह कर्ज देने वाला उस की खाल खींचता है और उधर वह उस को पैसे नहीं देते हैं । तो जब उसे कोई लाभ ही नहीं है तो वह क्यों अपना गन्ना मिलों को दे ? मैं आखिर में कहना चाहूंगा, अब वक्त आ गया है, किसान बहुत सयाना हो गया है । किसान बहुत सयाना हो गया है, वह समझता है कि किस चीज के बोने में फायदा है, मिर्च बोने में फायदा है या गन्ना बोने में फायदा है या कपास बोने में फायदा है या गेहूं बोने में फायदा है, लेकिन अब वह ज्यादती की बरदाश्त नहीं करेगा । यहां के ब्लैक मार्केटियर, जखीरेबाज लोग चीनी खाय, स्मगलिंग करें और फायदा उठायें, लेकिन उस की जच्चा को भी चीनी न मिले, यह चीज अब उसे बरदाश्त नहीं होगी।

जो लोग आज चीनी के मामले में बहुत हिमायत करते हैं, मैं उन से कहना चाहता हूं—अगर चीनी चाहिये तो किसान को ठीक कीमत दो, नहीं तो जैसे आपने हम पर कन्ट्रोल लगा दिये हैं, उसी तरह से चीनी पर भी कन्ट्रोल लगाइये । मैं देहाती आदमी हूं, इन बातों को ज्यादा नहीं जानता कि कन्ट्रोल में फायदा है या डी-कन्ट्रोल में फायदा है, लेकिन हमारे लिये डबल-स्टैण्डर्ड क्यों किया जाय । चीनी पर भी उसी तरह से कीमत का कन्ट्रोल लगाइये. उनको हद से ज्यादा मुनाफा नहीं मिलना चाहिये ।

एक चीज मैं मंत्री महोदय से यह कहना चाहूंगा कि आज 80 फीसदी लोग देहातों में बसते हैं, बेहतरीन किसान, गरीब हरिजन, आदिवासी भाई—हिन्दुस्तान का बेहतरीन चेहरा देहातों में है, इसलिये कम से कम 70 फीसदी—मिलनी तो 85 फीसदी चाहिए. 85 न मिले तो कम से कम 70 फीसदी चीनी उन को मिलनी चाहिए । आज हो क्या रहा है—जो नाज पैदा करे, उस को नाज नहीं मिलता, जो कपास पैदा करे, उस को कपड़ा नहीं मिलता, जो गन्ना पैदा करे, उसको चीनी नहीं मिलती, यह क्या गोरखधन्धा है । क्या हम इन्सान नहीं हैं ? मैं आपकी मारफत अपने माननीय नेता से कहना चाहूंगा कि देहातों के लिये भी चीनी का कोटा मुकर्रर करो । ये ब्लैक-मार्केटियर जो दुनिया भर का पैसा कमाते हैं, इन को चमचम, पेड़े, इमरती खिलाने वाला कौन है ? हमारे देहात में किसान, हरिजन भाई उन के लिए मेहनत करके गन्ना पैदा करते हैं, लेकिन उन को खुद को चमचम, पेड़े और इमरती खाने को नहीं मिलती. क्या वह घटिया किस्म के इन्सान हैं । उन को भी चीनी का कोटा मिलना चाहिये, ताकि हमारे यहां की औरतें भी इन चीजों को बनाना सीख सकें ।

एक बात मुझे यह अर्ज करनी है कि ये जो बीच के बिचौलिये हैं—मिडिल मैन—दे मस्ट गो । ये कहते हैं कि टिलर आफ दी सायल को जमीन मिले, लेकिन मिडिल मैन को भी बीच में से हटाना उतना ही जरूरी है । आज जो किसान गुड़ बना

[श्री रणधीर सिंह]

कर मण्डी में ले जाता है, जितना वह कमाता है, उस से दुगुना और तिगुना ये बीच के कमीशन एजेन्ट्स खा जाते हैं। मैं चाहता हूं कि स्टेट और किसान का सीधा ताल्लुक हो और जो बीच में कमाते हैं, उन से लेकर किसान को इन्सेन्टिव दिया जाय—कीमतों के मामले में।

आखरी बात मैं यह कहना चाहता हूं—यह जो तजबीज आई है कि इस को एक प्लांटेशन समझा जाय—यह मुझे बड़ी अच्छी तजबीज लगी। जसे टी-बोर्ड है, काफी बोर्ड है, उसी तरह से मको भी कारपोरेशन या शुगर-केन-बोर्ड कहा जाय और इस के डवेलपमेन्ट के लिए ज्यादा से ज्यादा इन्सेन्टिव—पानी का, बिजली का, प्राइसेज का दिया जाय। मैं तो यह भी चाहूंगा कि उस को फी मूवमेन्ट का भी हक हासिल हो, वह जहां चाहे अपनी चीज को ले जाय। किसानों से ज्यादा ईमानदार कोई नहीं है, लेकिन रात को अपने गुड़ को उसे जो स्मगल करना पड़ता है, उस के मूवमेन्ट को आप बन्द कर देते हैं, यह मुनासिब नहीं है। यह विधान के भी खिलाफ है, एक आदमी को फ्रीडम होनी चाहिये कि वह अपनी चीज को जहां चाहे ले जाये। आज देश को किसानों की बड़ी जरूरत है, हर चीज में जरूरत है, फौज में भेजने के लिये, देश को बाहरी हमले से बचाने के लिए और उस से भी ज्यादा देश को फीड करने के लिए उस की जरूरत है। मैं चाहूंगा कि कोई भी चीज ऐसी नहीं होनी चाहिये कि जिससे किसान फील करे कि उस के साथ डिस्क्रीमिनेशन हो रहा है। आज उस को उस के प्रोडक्ट की सही रिटर्न नहीं मिल रही है।

मैं बहुत मशकूर हूं कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया, मैं चाहता हूं कि मेरी बातों को नोट किया जाय और किसान को जितना ज्यादा से ज्यादा इन्सेन्टिव आप दे सकते हैं, आप दें। अब सीजन आ गया है, जगह जगह जोन जाने के लिये फौजें तैयार हो गई हैं, यू० पी० में भी मैंने सुना है और मेरी स्टेट में भी तैयारी हो रही है। लेकिन उस फौज के सिपहसालार आप हैं, वे आपकी तरफ टकटकी बांधे बैठे हैं, इसलिये आप इस की कीमत मुकर्रिर कीजिये, मुकर्रिर ही नहीं, बल्कि उन को दिलवाइये। पिछली दफा आप का हुकम स्टेट्स ने नहीं माना, वे समझते हैं कि कीमत सेन्टर मुकर्रिर करेगा, लेकिन इन्होंने देना नहीं है, यही वजह है कि उन्होंने नेशकर बोना बन्द कर दिया है, जिससे हमें फौरन एक्सचेंज में भी नुकसान पहुंचेगा। इसलिये उन को ज्यादा से ज्यादा इन्सेन्टिव मिलना चाहिये।

श्री सरजू पाण्डेय (गाजीपुर) : उपाध्यक्ष जी, अभी जो स्वतन्त्र पार्टी के वक्ता भाषण कर रहे थे—उनसे अच्छा वकील कोई सरमायेदारों का नहीं हो सकता और जाहिर बात है कि वह जिस दल के प्रतिनिधि थे, उनका उस भाषा में बोलना ठीक ही था। तकरीबन उसी किस्म की बात हमारे जनसंघ के सदस्य ने की। बात यह है कि हमारे देश में शुगर की नीति क्या हो—गन्ने के दाम, चीनी का दाम, इसकी मिलों का रुख या इस उद्योग को इस देश में बचाने के लिये कौन से कदम उठाये जायें—ये प्रश्न हमारे विचाराधीन हैं।

अगर आप मिल वालों को देखें तो वे कहते हैं कि हम बराबर घाटे में जा रहे हैं। किसानों को देखें तो उन की यह शिकायत रहती है कि हम को गन्ने का ठीक दाम नहीं मिलता है और हमारी सरकार की तो कोई नीति ही नहीं है—जैसी यह हर क्षेत्र में दिवालिया है, वैसी ही इस क्षेत्र में भी दिवालिया है। कभी कहते हैं कि रिकवरी कम हुई है, कभी कुछ कहते हैं—लेकिन अगर इस देश में इस उद्योग को बचाना है तो कोई नीति निर्धारित करनी पड़ेगी—इस देश में इस गन्ना उद्योग को कैसे बचाया जाय, खास तौर से उत्तर प्रदेश में जहां 78 मिलें हैं। वहां के काश्तकारों को 7 रु० 37 पैसा फी क्विंटल दाम दिया जा

रहा है । हमारे भाई रणधीर सिंह ने ठीक ही कहा है—हमारे यहां कहावत है—अन्धेर पुर नगरी अन्धेरपुर राजा, टके सेर भाजी टके सेर खाजा । दाम की कोई नीति ही नहीं है, जिस भाव लकड़ी बिकती है, वही दाम गन्ने का है—यह कहावत बिलकुल ठीक चरितार्थ होती है ।

हमारे स्वतन्त्र पार्टी के भाई ने कहा कि हम चाहते हैं कि किसानों को अच्छा कपड़ा दें—ये खाण्डसारी किसानों को नहीं खिलाना चाहते हैं, शुगर खिलाना चाहते हैं । हकीकत यह है कि ये किसानों को नंगा कर के करोड़ो रुपया लूटने वाले इस तरह की चमत्कारिक भाषा में बोल कर सब को समझाने की कोशिश करते हैं कि चीनी की मिलें अच्छा काम कर रही हैं । लेकिन श्रीमानजी, इस सम्बन्ध में बहुत सी रिपोर्टें पेश हो चुकी हैं—मेन रिपोर्ट है, कुण्डू राव रिपोर्ट है—इन रिपोर्टों में कहा गया है कि इन प्राइवेट धन्धों ने कई गुना देश को लूटा है, अच्छी तरह से लूटा है । मैं उन के विवरण में नहीं जाना चाहता, लेकिन इन रिपोर्टों में बताया गया है कि किस तरह से देश को बरबाद किया गया है । आज जो गन्ना मिलें हैं उन की जमींदारी कायम है, न हम उन इलाकों में चूल्हे लगा सकते हैं, न कोल्हू लगा सकते हैं, न गुड़ बना सकते हैं, पूरे का पूरा एरिया इन मिलों के लिये रिजर्व है और किसान मजबूर होता है कि उन मिलों के हाथ अपने गन्ने को बेचे और वे चाहते हैं कि जितनी कीमत गिर जाय, उतना अच्छा है । आप बता दीजिये क्या दुनिया में कोई ऐसा आदमी हो सकता है जो घाटे में रोजगार करेगा ? इनकी कारें, इनकी मोटरें, इनके बंगले कहां से चलते हैं, अगर मिलें घाटे में हैं ? आप बस्ती, गोरखपुर, देवरिया में जाकर देखिये, मिल वाले ऐश करते हैं और किसानों का 6 करोड़ रुपया हजम कर के बैठे हैं और दिखाने की कोशिश करते हैं कि हम घाटे में चल रहे हैं ।

दूसरी तरफ कहते हैं कि अगर सरकार ले लेगी तो कैसे चलेगा ? हम कहते हैं कि अगर प्राइवेट के हाथों में ये मिलें चलती हैं तो सरकार के हाथ में लेने से क्यों नहीं चलेंगी ? सरकार नहीं चलायेगी, तो जैसा बहुत से भाइयों ने कहा—कोआपरेटिव्ज को दे दीजिये ताकि सही मायनों में हमारे देश में इस उद्योग का विनाश न हो । लेकिन यह सरकार तो इन के विनाश पर तुली हुई है, कोई भी कदम उठाने के लिये तैयार नहीं है ।

उत्तर प्रदेश की सरकार ने 5 अक्तूबर, को प्रस्ताव पास किया और कहा कि सीजन से पहले मिलों का राष्ट्रीयकरण हो जाना चाहिये । हमारे स्वतन्त्र पार्टी के भाई ने कहा कि यहां की सरकार कहती है कि स्टेट की सरकार ले ले और स्टेट की सरकार चाहे तो केन्द्र के कन्सर्न को ले ले क्या उल्टी बात है । यह तो संवैधानिक प्रश्न है । केन्द्र की सरकार ले सकती है या नहीं ले सकती है—यह तो वैधानिक प्रश्न है, लेकिन इन्होंने इस को उल्टा लिया, क्योंकि सी० बी० गुप्ता हमारे सूबे में सब से ज्यादा शुगर मिल वालों से पैसा ले कर आज पूरे संगठन को चला रहे हैं । इसलिये उन्होंने साफ तौर से इन्कार किया कि हम शुगर मिलों का राष्ट्रीयकरण नहीं करेंगे । जब कि पूरी कैबिनेट का वडिक्ट था कि मिलों का राष्ट्रीयकरण किया जाय, लेकिन चूंकि इस में इन का निजी स्वार्थ है इसलिये उस को नहीं करना चाहते । लेकिन उन की बात यहां पर कोई नहीं करता और ऊपर से यह कहते हैं कि स्टेट गवर्नमेन्ट ले ले । यह पार्लियामेन्ट सोवरिन-बाडी है, हमें इस बात का अख्तियार है कि हम चाहें तो उनका राष्ट्रीयकरण कर सकते हैं । मैं समझता हूं कि इसमें कोई बाधा नहीं है, यह तो एक नीयत का प्रश्न है । अगर आप इस देश में समाजवाद लाना चाहते हैं, तो ये मिल वाले कभी आपसे नहीं कहेंगे । क्या समाजवाद इस

[श्री सरजू पाण्डेय]

तरह से आया करता है, जब आता है तो ये लुटेरे जेलखाने में बन्द होते हैं, यहां इस सदन में बैठ कर भाषण कर के, लच्छेदार बातें कह कर समाजवाद नहीं आया करता। हमारे यहां बिहार में हड़तालें हुईं—न सड़कें बनवाते हैं, गन्ने की तौल में लूटते हैं, मोलेसेज में लूटते हैं। श्रीमानजी, हमारे पूर्वी उत्तर प्रदेश में हमारा किसान शीरा पीकर जीता है।

75 प्रतिशत आदमी आषाढ़ के महीने में एक रुपए का एक किलो शीरा खरीद कर खाते हैं और सारा का सारा मुनाफा ये लोग लूट कर खाते हैं, और उसके बाद कहते हैं कि हम तो परेशान हैं। कई बार इस प्रश्न को लेकर हड़ताल हुई और आगे भी हो सकती है। हम आपसे मिले और कहा कि गन्ने का दाम बढ़ाइये, सात रुपए क्विंटल का दाम उचित नहीं है। पिछले साल भी पंजाब और उत्तर प्रदेश में कम कीमत मिली। आज वहां के किसान परेशानी में हैं। सात रुपए क्विंटल का दाम देने से किसानों की लागत भी नहीं निकलती है। खाद का दाम आपने बढ़ा दिया है, बिजली के चार्जेज बढ़ गए हैं, लेबर के चार्जेज बढ़ गए हैं। किसानों का घाटा कैसा पूरा होगा? अगर सही मानों में उनको लागत का खर्चा भी नहीं मिलेगा तो फिर खेती का क्या हाल होगा? इसीलिए हम आपसे मिले, प्रधान मन्त्री से मिले और यह कहा कि गन्ने का दाम बढ़ाइये लेकिन यह कह दिया गया कि रिकवरी कम हो रही है और मिल वालों को घाटा जा रहा है। मैं पूछता हूं कि रिकवरी कौन तय करता है? इसके लिए कोई अलग से एथारिटी नहीं बनी हुई है। रिकवरी तय करने वाले उन्हीं के आदमी होते हैं। ज्यादा हुई तो भी कम बता दी। वे लोग चार-चार खाते रखते हैं और एक चोरी का रखते हैं जिसका किसी को भी पता नहीं होता। एक बार इस सदन के सदस्य ने एक मिल की बैलेंस शीट चुरा ली और कहा कि अगर हम को पैसा नहीं दोगे तो मैं इसको पार्लियामेन्ट में पढ़ूंगा। इसलिये अगर आप सही मानों में समाजवाद लाना चाहते हैं तो फर्म कदम उठाइये—सारा देश आप के साथ है, हम भी आपका समर्थन करेंगे। लेकिन मिल मालिकों की आड़ में इस चीनी उद्योग को बर्बाद न कीजिये। दो करोड़ आदमी और हजारों मजदूर इस उद्योग में लगे हुए हैं—वे सब बर्बाद हो जायेंगे। मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि इससे पहले कि किसान हड़ताल पर जायं और झगड़े में पड़ें, आप गन्ने का दाम कम से कम दस रुपया कर दीजिये ताकि किसानों की जिन्दगी की रक्षा की जा सके।

MR. DEPUTY-SPEAKER : We have got hardly half-an-hour out of which the Minister also will take sometime to reply. So, if you all agree, I would finish the list of different groups, and if there is time, I will give chance to one or two more from the Government side.

SHRI RANGA (Srikakulam) : Where is the time?

MR. DEPUTY-SPEAKER : If there is time; there are different groups who have not spoken yet. They must be given a chance. In any case the Minister will reply on behalf of the Government. So, I would request Members on this side to kindly understand the position. (*Interruption*) I am only making a general request. Everything possible will be done within the time available. Shri Umanath.

